# GOVERNMENT COLLEGE SATNALI, MAHENDERGARH

Affiliated to IGU, Meerpur, Rewari & Recognised u/s 2(f) & 12 (B) of UGC Act

AISHE CODE: C-49467 | *Phone: 01285-231122(O)*

*Website: http://gcsatnali.ac.in* | *E-mail: gcsatnali@yahoo.com*


## Action Taken Report on Tree Plantation at Govt. College Satnali (10-07-2024)

Government College Satnali organised a Tree Plantation Drive in connection with an event named "**Ek Ped Maa ke Naam-A Tree in the Name of Mother**" on $10^{th}$ July 2024. This campaign was organised by the NSS Units of this college. The main purpose was to complete the planting of 50 saplings to promote not only environmental conservation and sustainability but also to provide a serene and peaceful atmosphere for our students, faculty, and staff. Dr. Dinesh Kumar (State NSS Officer) Department of Higher Education, Haryana was invited to be the chief guest of this event to promote the importance of planting trees. The tree planting program started around 11:00 a.m. The first tree was planted by the Principal Sh. Birender Singh and the chief guest in the NSS adopted park. The NSS volunteers of both units were given remaining saplings to plant in and around the college campus. 50 saplings of indigenous species viz *Saraca asoca* (Sita Ashok), *Ficus religiosa* (Peepal), *Azadirachta indica* (Neem), *Syzygium cumini* (Jamun), *Mimusops elengi* (Moulshree), *Callistemon citrinus* (Bottle Brush), *Cassia fistula* (Amaltas), *Delonix regia* (Gulmohar) were planted. After planting saplings, Dr. Dinesh Kumar gave a speech on why planting trees can prove to be beneficial for the environment. His speech included subjects like how human beings get ample oxygen because of trees and how cutting down trees mercilessly has impacted the environment adversely. He advised that if future generations wanted to enjoy Mother Earth's resources and privileges, then it's important that they plant and save trees. NSS Programme Officer, Dr. Shri Bhagwan said that the initiative launched by Hon'ble Prime Minister in Buddha Garden, New Delhi on World Environment Day shows his commitment towards nature and mother. He said that one has to take responsibility of planting a tree and to nurture it till it grows in full. The principal advised to ensure the survival of all the saplings planted during the campaign and ended the event with a vote of thanks and appreciated the chief guest and the volunteers for their presence.

Principal

Govt. College Satnali




# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

सतनाली मंडी, 11 जुलाई (मनोज): राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतनाली में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने एक-एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा का प्रण लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. दिनेश कुमार ने कहा कि पृथ्वी हमारी मां है, यह हमारा पालन पोषण करती है। हमें पर्यावरण को स्वच्छ रखना है। उन्होंने कहा कि एनएसएस एक योजना न होकर एक व्यक्तित्व विकास की यात्रा है। इससे स्वयंसेवकों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष हरियाणा में 10 राज्य एकता शिविर लगाए जाएंगे। इसमें स्वयं सेवकों को संस्कार व संस्कृति के आदान-प्रदान का मौका मिलेगा। उन्होंने स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक माई भारत पोर्टल से जुड़ने व एडवेंचर कैंपों में भाग लेने का आग्रह किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धर्म सिंह ने पर्यावरण गीत के माध्यम से वनों व एनएसएस के महत्व को दर्शाया। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा.श्रीभगवान ने ईकाई की उपलब्धियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। जिला कोऑर्डिनेटर चरण सिंह ने जिले में चलाई जा रही एनएसएस इकाइयों की कार्य प्रणाली व कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे गुरप्रीत ने योजना के तहत दी जाने वाली विभिन्न वित्तीय सुविधाओं व विशेष कैंपों के आयोजन के विषय में बताया। महाविद्यालय प्राचार्य विरेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया।


*स्वयंसेवकों के साथ पौधारोपण करते डा. दिनेश कुमार।*

इसके बाद हरियाणा राज्य एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. दिनेश कुमार ने सुरेहती पिलानियां स्कूल का दौरा किया जहां कार्यक्रम अधिकारी विजय पारीक व स्वयंसेवकों के साथ त्रिवेणी लगाकर पौधारोपण किया। उन्होंने आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना का दौरा किया जहां प्राचार्य दिनेश तथा एनएसएस इंचार्ज अनिल व राजेश ने उनका स्वागत किया।

अंत में देवीलाल पार्क महेंद्रगढ़ में त्रिवेणी लगाकर पौधारोपण किया। इंचार्ज धर्म सिंह ने बताया कि मुख्य अतिथि ने जिले में चल रही सभी इकाइयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सुधीर कुमार लांबा, जरनैल सिंह, कमला देवी, अजीत सिंह, आशीष, रेखा ,अनिल, हरिओम, संजय डॉ सुनीता, मनीषा, प्रीति सपना, एसके मलिक तथा सुरेहती स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

odayatimes.in
नवोदय टाइम्स
Fri, 12 July 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/75427884

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में चला कार्यक्रम

# पौधे लगाने से पर्यावरण की रक्षा संभव : डॉ. दिनेश

भास्कर न्यूज़ | सतनालीमंडी





राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम थीम के अन्तर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके उपरांत भाषण, कविता, नृत्य आदि अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ. सुधीर कुमार लांबा ने करते हुए एनएसएस व महाविद्यालय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाना ही एक मात्र विकल्प है।

प्रोग्राम अधिकारी धर्म सिंह ने पेड़ लगाने का महत्व बताते हुए कहा कि उन्होंने अभी तक 9 हजार पौधे लगा चुके हैं। उन्होंने कहां जहां पेड़ की संख्या ज्यादा होती है वहां वर्षा अधिक होती है। वहीं एनएसएस सहायक अधिकारी गुरप्रीत व जिला प्रोग्राम अधिकारी डॉ. चरण सिंह ने कहा कि हमें पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस दौरान स्वयं सेवक पूजा, कोमल व रेखा ने एनएसएस पर नृत्य किया जबकि सचिन, कवीता, मोनिका व तमन्ना ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।




LLEGE SATNAI


SERVICE SCHEME
LLEGE SATNALI




Video URL: https://youtu.be/HLJMOdc_Wa0?si=gA9QA2AeEKaSZ9tc